राजभाषा कार्यान्वयन समिति

इंस्टिट्यूट ऑफ़ होम इकोनॉमिक्स

दिल्ली विश्वविद्यालय

समिति संयोजक

डॉ संदीप यादव

समिति सह संयोजक

डॉ तरुणा अरोड़ा

डॉ संतोष यादव

समिति सदस्य

श्रीमती सोनिया चौधरी

सुश्री सृष्टि नेगी

सुश्री मनीषा कुमारी

डॉ रूचि मित्तल

सुश्री दीप्ति सैनी

डॉ ज्योति वत्स

राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इंस्टिट्यूट ऑफ़ होम इकोनॉमिक्स की संचालन प्रक्रिया

[क] राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन राजभाषा विभाग के राजभाषा संबंधी सांविधानिक और कानूनी उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने और संघ के सरकारी काम-काज में राजभाषा (हिंदी) के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए और राजभाषा कार्य की प्रगति के निरीक्षण कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए किया गया है ।

[ख] यह समिति सरकारी काम-काज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने के लिए प्रयासरत है । समिति भारत सरकार के संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिय बनाये गये वार्षिक कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए प्रयास करती है । समिति त्रिमासिक रिपोर्ट को सबमिट करने को भी सुनिश्चित करती है ।

[ग] समिति प्रशासनिक एवं लेखा विभाग और अन्य गैर शिक्षण कर्मचारियों के लिए आवश्कतानुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था करती है और उनको भारत सरकार के इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म (ई-प्रशिक्षण) के माध्यम से भी हिंदी भाषा/हिंदी टंकण/हिंदी आशुलिपि का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित करती है । इसके साथ साथ छात्राओं को राजभाषा (हिंदी) के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करती है एवं उनके लिए विभिन कार्यकर्मो जैसे की हिंदी पखवाडा, हिंदी दिवस इत्यादि का निमियत रूप से आयोजन भी करती है ।

[घ] राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने भारत सरकार के संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिय बनाये गये वार्षिक कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए अकादमिक वर्ष (2023-2024) में **यूनिकोड एवं नवीनतम टूल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम** का आयोजन गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए किया । समिति ने छात्राओं के लिए **'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस'** के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे की लघु कथा प्रतियोगिता; मातृभाषा में हस्ताक्षर; मातृभाषा में गानों की वीडियो रिकॉर्डिंग; मातृभाषा में नारा लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (हिंदी व्याकरण) आयोजित की गईं ।